आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 शनिवार 12.10.2024

मुख्य समाचारः—

1— प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के लिए पंजीयन आज से शुरू—पच्चीस अक्टूबर तक चलेगी प्रक्रिया।

2— मुख्यमंत्री आज बलौदाबाजार—भाटापारा जिले में आयोजित गुरू दर्शन मेले में हुए शामिल—विभिन्न विकास कार्यों की घोषणा की।

3— असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक दशहरा पर्व आज पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

4— धमतरी जिले में दुर्गा विसर्जन के दौरान हाईटेंशन तार के टूटकर गिर जाने से तीन लोग झुलसे—एक की हालत गंभीर।

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है। इस वर्ष के केन्द्रीय बजट में घोषित की गई यह पहल युवाओं को कारोबारी माहौल में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने में सहायता के लिए बारह महीने की इंटर्नशिप प्रदान करती है। रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया इस महीने की पच्चीस तारीख तक चलेगी।

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत अब तक 193 कंपनियों ने लगभग 91 हजार इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करने की घोषणा की है। सरकार ने इंटर्नशिप पोर्टल को प्रायोगिक परियोजना के तौर पर इस महीने की तीन तारीख को शुरू किया था। सरकार का लक्ष्य इस वित्त वर्ष में सवा लाख इंटर्नशिप अवसर प्रदान करना है। यह अवसर ऑनलाइन पोर्टल 'पीएम इंटर्नशिप डॉट एमसीए डॉट जीओवी डॉट इन' के माध्यम से प्रदान किए जा रहे हैं। इस परियोजना पर आठ सौ करोड़ रुपये की लागत आएगी। सरकार ने पांच वर्ष के दौरान 21 से 24 वर्ष आयु वर्ग के एक करोड़ उम्मीदवारों को इंटर्नशिप उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा है। इंटर्नशिप के दौरान युवाओं को एक वर्ष के लिए पांच हजार रुपये मासिक पारिश्रमिक दिया जाएगा। इसके अलावा उन्हें छह हजार रुपये की एक मुश्त राशि भी दी जाएगी। इंटर्नशिप का यह अवसर 36 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के सात सौ 37 जिलों में उपलब्ध होंगे।

मुख्यमंत्री—गुरूदर्शन मेला

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज बलौदाबाजार—भाटापारा जिले में बाबा गुरू घासीदास की कर्मभूमि और सतनाम पंथ के संत अमरदास की तपोभूमि तेलासीधाम में आयोजित गुरू दर्शन मेला में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गुरू गद्दी की पूजा—अर्चना कर नमन किया और प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने सीसी रोड निर्माण तथा गुरू अमरदास जलाशय का सौंदर्यीकरण सहित अनुसूचित जाति छात्रावास, तेलासीबाड़ा के विकास के लिए तीन करोड़ रूपये से अधिक की राशि की स्वीकृत और गैतरा रोड से बोहरडीह तक सड़क निर्माण की घोषणा की।

इस मौके पर तेलासीधाम के सर्वोच्च गुरू गद्दी नसीम आसमदास साहेब भी उपस्थित थे।

आरएसएस–स्थापना दिवस

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ–आरएसएस आज अपना स्थापना दिवस मना रहा है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वयंसेवकों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सोशल मीडिया साईट 'एक्स' पर लिखा है कि राष्ट्र सेवा में समर्पित आरएसएस आज अपने सौवें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। उन्होंने लिखा कि आरएसएस का मां भारती के लिए संकल्प और समर्पण देश की हर पीढ़ी को प्रेरित करने के साथ ही 'विकसित भारत' को साकार करने में नई ऊर्जा भरने वाला है।

इस बीच, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रायपुर महानगर द्वारा आज विजयादशमी के अवसर पर शहर में चौदह स्थानों पर पथ संचलन किया गया। विजयादशमी उत्सव को मध्य क्षेत्र संघ चालक डॉक्टर पुर्णेन्दु सक्सेना ने संबोधित किया। उन्होंने स्वयंसेवकों से संघ के शताब्दी वर्ष में प्रवेश के अवसर पर पंच परिवर्तन विषय को अपने जीवन में अनुकरण करते हुए समाज को जागृत करने का आग्रह किया।

साइबर जागरूकता

साईबर जन–जागरूकता पखवाड़े के तहत प्रदेश के विभिन्न जिलों में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ओम चंदेल ने दुर्गा पंडालों में जाकर साइबर ठगी से बचने से बारे में लोगों को जरूरी उपाय बताए। साथ ही डायल – एक नौ तीन शून्य के बारे में जानकारी दी। वहीं, जिले में साइबर ठगी से बचने के लिए जागरूकता संबंधी पोस्टर लगाए जा रहे हैं।

वहीं, मोहला–मानपुर जिले में पुलिस ने दशहरे के अवसर पर साइबर ठगी के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए अनूठा तरीका अपनाया। पुलिस द्वारा जिला मुख्यालय के बस स्टैंड में साइबर फ्रॉड की थीम पर रावण का पुतला बनाया गया। इस रावण के दस सिरों में विभिन्न किस्म की साइबर ठगी का उल्लेख किया गया। पुलिस अधीक्षक ने लोगों से साइबर ठगी से बचने की अपील की है।

वहीं, महासमुंद जिले में भी पुलिस की टीम ने दुर्गा उत्सव के दौरान दुर्गा पंडालों और गरबा पंडालों में लोगों को साइबर फ्रॉड के प्रति जागरूक किया।

हल्बी/गोण्डी–समाचार बुलेटिन

कल रविवार को ''हल्बी'' और ''गोण्डी'' बोली में समाचार बुलेटिन प्रसारित किए जाएंगे। ये दोनों बुलेटिन आकाशवाणी केन्द्र, जगदलपुर से प्रसारित किए जाएंगे। इन्हें बस्तर संभाग में सुना जा सकेगा। हल्बी में समाचार बुलेटिन सुबह साढ़े सात बजे से और गोण्डी में समाचार बुलेटिन शाम साढ़े छह बजे से प्रसारित किया जाएगा।

जिले की चिट्ठी

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में ''बीजापुर'' जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

विजयादशमी–01

असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक दशहरा पर्व आज छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में पारंपरिक उल्लास और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण के पुतलों का दहन किया जाएगा। राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के सभी जिलों में दशहरा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। राजधानी रायपुर की डब्ल्यू.आर.एस. कॉलोनी और

रावणभाटा मैदान में विशेष आयोजन किया जा रहा है। रायपुर के डब्ल्यू.आर.एस. कॉलोनी में आयोजित दशहरा उत्सव में इस समय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हो रहे हैं।

वहीं, कवर्धा नगर में शाही दशहरे का धूमधाम से आयोजन किया जा रहा है। यह परंपरा दो सौ तिहत्तर साल पुरानी है। इस अवसर पर कवर्धा शहर और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं।

दशहरा पर्व के मौके पर आज रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, बिलासपुर, रायगढ़ सहित प्रदेश के विभिन्न थानों, चौकियों और शस्त्रागारों में रखे शस्त्रों की साफ–सफाई कर विधि–विधान से पूजा–अर्चना की गई। दुर्ग के पुलिस लाईन स्थित शस्त्रागार में आयोजित पूजन कार्यक्रम में एक भारत–श्रेष्ठ भारत अभियान के तहत गुजरात से आए पुलिस के अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए। इस अवसर पर शस्त्रों की विधि–विधान से पूजा–अर्चना करने के बाद पुलिस के अधिकारियों ने हवाई फायरिंग कर विजयादशमी की शुभकामनाएं कीं।

राज्यपाल रमेन डेका आज राजभवन में आयोजित शस्त्र पूजन और हवन में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने देश और प्रदेश की सुख–समृद्धि की कामना की। उन्होंने राजभवन परिसर में विधिवत् शस्त्र पूजा की। उन्होंने राजभवन सचिवालय के अधिकारी और कर्मचारियों को विजयादशमी की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि असत्य पर सत्य की जीत का यह त्योहार हमें अहंकार और अधर्म का नाश करने की सीख देता है। हमें दशहरे के इस पावन पर्व पर सत्य की राह में चलने का संकल्प लेना चाहिए।

वहीं, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय में आयोजित शस्त्र पूजन में शामिल हुए। उन्होंने विधि–विधान से शस्त्रों की पूजा की और मां भगवती की आराधना की। इस मौके पर मुख्यमंत्री सचिवालय और मुख्यमंत्री सुरक्षा के अधिकारी–कर्मचारी मौजूद थे। इस अवसर पर श्री साय ने प्रदेशवासियों को दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कामना की है कि विजयादशमी का यह पावन पर्व सभी के जीवन में नकारात्मकता और कठिनाइयों का अंत करने के साथ सुख–समृद्धि और खुशहाली लेकर आए।

<u>बस्तर दशहरा</u>

विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा पर्व के तहत आज मावली परघाव की रस्म अदा की जा रही है।

इस बीच, बस्तर दशहरा में शामिल होने के लिए आज कोंडागांव से मांझी, चालकी, गायता और पुजारी के परंपरागत् समूहों ने विदाई ली। विदाई समारोह में स्थानीय विधायक और बस्तर विकास प्राधिकरण की अध्यक्ष लता उसेंडी शामिल हुईं। कोंडागांव से रवाना हुई यह टोली जगदलपुर में आयोजित बस्तर दशहरा महोत्सव में शामिल होंगी।

<u>हाईटेंशन तार–ग्रामीण झुलसे</u>

धमतरी जिले के कंवर गांव में आज दुर्गा विसर्जन के दौरान हाईटेंशन तार के टूटकर गिर जाने से कई ग्रामीण करंट की चपेट में आ गए। इस हादसे में तीन लोग झुलस गए हैं, जिनमें से एक की हालत गंभीर बनी हुई है। गंभीर व्यक्ति को धमतरी के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, दो अन्य ग्रामीणों का इलाज गुरूर के अस्पताल में चल रहा है। गौरतलब है कि डांग–डोली मड़ई के ऊपर लगे पीतल का कलश हाईटेंशन तार में फंस गया, जिसके कारण हाईटेंशन तार टूटकर नीचे गिर गया।

तोखन साहू—आवास मेला

केंद्रीय आवास और शहरी विकास राज्यमंत्री तोखन साहू ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गरीबों के सपने को साकार करने का संकल्प लिया है। उन्होंने तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते ही सबसे पहले तीन करोड़ आवास की स्वीकृति प्रदान की है। श्री साहू कल मुंगेली में 'हमर आवास—हमर विकास' की थीम पर आयोजित आवास मेला में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि मुंगेली जिले में बीस हजार से अधिक हितग्राहियों को पक्का आवास मिलेगा। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरूण साव, जिले के प्रभारी मंत्री लखनलाल देवागंन और विधायक पुन्नूलाल मोहले सहित अनेक जनप्रतिनिधि तथा हितग्राही शामिल हुए।

कृषि मंत्री—देव दशहरा

कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा है कि केन्द्र और राज्य सरकार जनजातीय समाज के समग्र विकास के लिए कार्य कर रही है। श्री नेताम कल कांकेर जिले के ग्राम कन्हारपुरी में स्वर्गीय रामप्रसाद पोटाई की स्मृति में आयोजित देव दशहरा और खेल प्रतियोगिता को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने देव दशहरा के आयोजन के लिए दस लाख रूपये देने की घोषणा की। कार्यक्रम में आदिवासी समाज के देवी—देवताओं की पारंपरिक पूजन के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम और क्रीडा प्रतियोगिता आयोजित की गई। समारोह की अध्यक्षता वन मंत्री केदार कश्यप ने की।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>